तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम हुक्म की तामील मते जारी
	रजिस्ट्रार, जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय जोधपुर बनाम **रजिसट्रार, आई.आई.टी जोधपुर (राज.)** आर्बीट्रेशन प्रार्थना पत्र संख्या– **25 / 2019**	
18.05.23	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीपक्ष की ओर से श्री प्रदीप पंवार यूनिवर्सिटी अभियन्ता उपसिथत। अप्रार्थीपक्ष की ओर से कोई उपस्थित नहीं। प्रार्थीपक्ष के उपस्थित प्रतिनिधि ने जाहिर किया कि जयनारायण विश्व विद्यालय जोधपुर द्वारा आई.आई.टी जोधपुर को किराये पर दिये गये भवनों के बकाया किराये का निस्तारण बाबत् प्रार्थीपक्ष एवं अप्रार्थीपक्ष के सक्षम अधिकारियों की बैठक हुई तथा बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आई.आई.टी जोधपुर द्वारा विश्वविद्यालय को राशि रूपये 2,49,82,420/– का भुगतान किया जायेगा तथा प्रार्थीपक्ष द्वारा आर्बीट्रेशन प्रार्थना पत्र संख्या 25/2019 को withdraw करने का प्रार्थना पत्र दिनांक 26.04.2023 को प्रस्तुत किया जा चुका है। चूंकि प्रस्तुत प्रकरण में प्रार्थीपक्ष एवं अप्रार्थीपक्ष के सक्षम अधिकारियों की बैठक में सर्वसहमति से लिये गये निर्णय की पालना में प्रार्थीपक्ष द्वारा उक्त आर्बीट्रेशसन प्रार्थना पत्र दिनांक 26.04.2023 को withdraw किया जा चुका है अतः इसी अनुरूप प्रकरण निस्तारित किया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित पक्षकारान को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दपतर हो।	